तापमान

अधिकतम 35.4 डिग्री से.
न्यूनतम 27.3 डिग्री से.

# हरिभूमि सोनीपत भूमि

रोहतक, मंगलवार 14 जुलाई 2026



11 जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की छह छात्राएं मेरिट सूची में





12 17 को इतिहास रचेगी हाइड्रोजन ट्रेन, सोनीपत में होगा भव्य स्वागत




## खबर संक्षेप

### जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** सेक्टर-27 थाना पुलिस ने जान से मारने की धमकी, तोड़फोड़ और आग लगाने के प्रयास के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि काम से हटाए जाने के बाद आरोपित लगातार फोन पर जान से मारने की धमकी दे रहा था। उस पर कार्यालय में तोड़फोड़ करने, ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर आग लगाने का प्रयास करने तथा वाहन के शीशे तोड़ने के भी आरोप हैं। शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच के दौरान आरोपित को गिरफ्तार किया गया।

### मारपीट मामले में दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना पुलिस ने गांव चौहान जोशी में आपसी विवाद के दौरान हुई मारपीट के मामले में दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 7 मई 2026 को पंचायत के दौरान दो पक्षों के बीच हुए विवाद में ईंट-पत्थर चलने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। मामले में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस पहले एक आरोपित को गिरफ्तार कर चुकी थी। जांच के दौरान दूसरे आरोपित को भी काबू कर लिया गया। मामले की जांच जारी है।

### नमस्ते चौक से एक्टिवा चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर।** शहर के नमस्ते चौक स्थित एक किराना स्टोर के बाहर खड़ी एक्टिवा चोरी हो गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पटेल नगर गली नंबर-8 निवासी मनोज ने बताया कि दो जुलाई को वह अपनी सफेद रंग की एक्टिवा-125 से सामान लेने किराना स्टोर पर गया था। स्कूटी बाहर खड़ी कर वह दुकान के अंदर चला गया। कुछ देर बाद लौटने पर स्कूटी गायब मिली। काफी तलाश के बावजूद वाहन का पता नहीं चलने पर उसने पुलिस में शिकायत दी। पुलिस जांच कर रही है।

# टेल तक पानी नहीं पहुंचा तो डिस्ट्रीब्यूट्री में उतरे किसान, जल समाधि की चेतावनी पर दौड़े अधिकारी

## केले के पत्ते सिर पर रख तपती धूप में पानी में बैठे किसानों को अधिकारियों ने एक सप्ताह में सफाई का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

बुटाना डिस्ट्रीब्यूट्री की समय पर सफाई नहीं होने और टेल तक पानी नहीं पहुंचने से नाराज किसानों ने सोमवार को अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। पांच किसान सिर पर केले के पत्ते रखकर तपती धूप में डिस्ट्रीब्यूट्री में बह रहे करीब एक फुट पानी में बैठ गए और जल समाधि लेने की चेतावनी दी। किसानों के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही सिंचाई विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और एक सप्ताह के भीतर डिस्ट्रीब्यूट्री की सफाई कराकर टेल तक पानी पहुंचाने का आश्वासन दिया। भाकियू (चढ़ूनी) के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यवान नरवाल के नेतृत्व में यूनियन की गोहाना तहसील इकाई के चेयरमैन भगत सिंह, बिजेंद्र मलिक, सतपाल नरवाल, सुरेश मलिक, सत्तू मलिक सहित अन्य किसानों ने सिंचाई विभाग और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप है कि पिछले कई महीनों से डिस्ट्रीब्यूट्री के अंतिम छोर (टेल) तक पानी नहीं पहुंच रहा है, जिससे सिंचाई के अभाव में फसलें प्रभावित हो रही हैं। सत्यवान नरवाल ने कहा कि किसानों ने कई बार डिस्ट्रीब्यूट्री की सफाई कराने की मांग उठाई, लेकिन अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया।



### इन गांवों की सिंचाई व्यवस्था प्रभावित

किसानों के अनुसार बुटाना डिस्ट्रीब्यूट्री पर गांव छिछड़ाना, आहुलाना, मदीना, कथूरा और मिर्जापुर खेड़ी के खेतों की सिंचाई निर्भर है। टेल तक पानी नहीं पहुंचने से इन गांवों के किसानों को धान सहित अन्य फसलों की सिंचाई में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के बाद मौके पर पहुंचे सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने किसानों को बताया कि डिस्ट्रीब्यूट्री की सफाई के कार्य को मंजूरी मिल चुकी है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर सफाई कर दी जाएगी।

# सोनीपत स्टेशन पर दो घंटे से अधिक रुकी ट्रेन

# गोवंश की चपेट में आने से चंडीगढ़ शताब्दी की पावर फेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

- दिल्ली से दूसरी इंजन (पावर) मंगाकर रात 10:52 बजे किया गया रवाना
- यात्रियों को करना पड़ा लंबा इंतजार, रेलवे अधिकारियों में मची हलचल

नई दिल्ली से चंडीगढ़ जा रही ट्रेन संख्या 12045 चंडीगढ़ शताब्दी एक्सप्रेस सोमवार रात गोवंश की चपेट में आने से तकनीकी खराबी का शिकार हो गई। इंजन (पावर) में खराबी आने के कारण ट्रेन करीब दो घंटे से अधिक समय तक सोनीपत रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही। इससे ट्रेन में सवार यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार रात करीब 8:15 बजे राठधना और हरसाना कलां स्टेशनों के बीच गोवंश ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे इंजन में खराबी आ गई। लोको पायलट ने ट्रेन को सावधानीपूर्वक चलाते हुए रात 8:34 बजे सोनीपत रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर पहुंचाया। सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की टीमें मौके पर पहुंच गईं। घटना की जानकारी तुरंत दिल्ली रेल मंडल के अधिकारियों को दी गई। इसके बाद दिल्ली से दूसरा इंजन (पावर) सोनीपत भेजा गया। नई पावर मिलने के बाद आवश्यक तकनीकी प्रक्रिया पूरी की गई और रात 10:52 बजे शताब्दी एक्सप्रेस को चंडीगढ़ के लिए रवाना किया गया। इस दौरान यात्रियों को स्टेशन पर लंबा इंतजार करना पड़ा।




# रोहट पीएचसी का लेंटर गिरने पर स्वास्थ्य विभाग और पीडब्ल्यूडी आमने-सामने

## स्वास्थ्य विभाग ने निर्माण गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए पीडब्ल्यूडी के खिलाफ कराया केस दर्ज

## पीडब्ल्यूडी का दावा- पानी के रिसाव, रखरखाव न होने और मरम्मत में देरी से हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

गांव रोहट स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) की छत का लेंटर गिरने के मामले में अब स्वास्थ्य विभाग और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) आमने-सामने आ गए हैं। दोनों विभाग हादसे की जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डाल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए पीडब्ल्यूडी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है, जबकि पीडब्ल्यूडी का कहना है कि भवन वर्ष 2013 में स्वास्थ्य विभाग को सौंप दिया गया था और उसके बाद नियमित रखरखाव नहीं होने से यह स्थिति पैदा हुई।

पीडब्ल्यूडी के अनुसार भवन में लंबे समय से बारिश के पानी का रिसाव हो रहा था। इससे छत और दीवारों में दरारें आ गईं, सरिया गल गया और वर्ष 2024 में लैंटर में झुकाव भी आ गया था। विभाग का दावा है कि निरीक्षण के बाद दिसंबर 2024 में भवन की मरम्मत के लिए 20.66 लाख रुपये का अनुमान तैयार कर स्वास्थ्य विभाग को भेज दिया गया था, लेकिन बजट स्वीकृत नहीं होने से मरम्मत नहीं हो सकी। जनवरी 2026 में मुख्यालय को रिमाइंडर भी भेजा गया था। उधर, स्वास्थ्य विभाग का आरोप है कि पीएचसी भवन के निर्माण में गुणवत्ता संबंधी गंभीर खामियां थीं, जिनके कारण यह हादसा हुआ। वर्ष 2009 में निर्माण शुरू होने के दौरान भी निर्माण सामग्री और पानी की गुणवत्ता को लेकर विवाद सामने आया था। उस समय जांच में पानी का नमूना फेल होने पर तत्कालीन जूनियर इंजीनियर को निलंबित किया गया था। हालांकि पीडब्ल्यूडी का कहना है कि जिस पानी का नमूना लिया गया था, उसका भवन निर्माण में उपयोग ही नहीं किया गया था और बाद में जांच पूरी होने पर मामला समाप्त कर दिया गया था।



### पांच दिन बाद भी मलबा नहीं हटाया

हादसे के पांच दिन बाद भी पीएचसी भवन से मलबा नहीं हटाया गया है और लेंटर का हिस्सा अब भी लटका हुआ है। मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं जारी रखने के लिए विभाग ने गांव की चौपाल में अस्थायी रूप से पीएचसी संचालित करने का निर्णय लिया है। करीब नौ हजार की आबादी वाले गांव के लोगों को जल्द वहीं से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### आरोप निराधार

रोहट पीएचसी के भवन का लेंटर गिरने के बाद लोक निर्माण विभाग पर लगाए गए आरोप निराधार हैं। वर्ष 2024 के निरीक्षण में ही स्वास्थ्य विभाग को भवन की जर्जर स्थिति से अवगत करा दिया गया था। लैंटर में रिसाव, दरारें, सरिया गलने और झुकाव की जानकारी देते हुए 20.66 लाख रुपये का मरम्मत प्रस्ताव भेजा गया था।

**-अनिल चहल**, उपमंडल अभियंता, पीडब्ल्यूडी, सोनीपत

# कुराड़ बाइपास पर खड़े ट्राले से टकराई बाइक, दो दोस्तों की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

- ड्राइविंग लाइसेंस लेने जा रहे थे दोनों, ट्राला चालक पर मामला दर्ज

कुराड़ बाइपास पर सोमवार सुबह सड़क किनारे खड़े कूड़े से भरे ट्राले से बाइक टकराने के कारण दो दोस्तों की मौत हो गई। हादसे के बाद दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गन्नौर के शास्त्री नगर निवासी सुनील और मुरथल की आरके कॉलोनी निवासी दीपक एक निजी फैक्टरी में कार्यरत थे। सोमवार सुबह दोनों बाइक से गन्नौर उपमंडल कार्यालय जा रहे थे, जहां सुनील को अपना ड्राइविंग लाइसेंस लेना था। इसी दौरान कुराड़ बाइपास पर उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े कूड़े से भरे ट्राले से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि ट्राला सड़क किनारे बिना किसी चेतावनी संकेत या सुरक्षा व्यवस्था के खड़ा था, जिसके कारण हादसा हुआ। शिकायत के आधार पर पुलिस ने ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता रविंद्र सिंह ने बताया कि दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

### परिवारों का सहारा छिन गया

हादसे के बाद दोनों परिवारों में मातम पसरा हुआ है। सुनील अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। वहीं दीपक के परिवार में भी पत्नी और तीन बच्चे हैं। परिवार के कमाऊ सदस्यों की असमय मौत से दोनों परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# युवक पर चाकू से हमला, चार पर केस दर्ज

- मोई-माजरी चौक के पास वारदात

**गन्नौर।** मोई-माजरी चौक के पास एक युवक पर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने चार अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल का उपचार बीपीएस राजकीय महिला चिकित्सा संस्थान, खानपुर कलां में कराया गया। पुलिस को दी शिकायत में गांव मोई निवासी रोहित ने बताया कि 10 जुलाई की रात वह अपने दोस्त अमित के साथ स्कूटी पर तथा अनिल मोटरसाइकिल से गांव कलाना से लौट रहे थे। रास्ते में एक बाइक पर सवार चार युवकों ने अनिल की बाइक में टक्कर मार दी। विरोध करने पर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई, जिसके बाद आरोपित वहां से चले गए। शिकायत के अनुसार रात करीब 11:30 बजे मोई-माजरी चौक के पास चारों युवकों ने अनिल को रोक लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे रोहित के पेट में एक युवक ने धारदार हथियार से वार कर दिया। घायल रोहित और अमित को उपचार के लिए बीपीएस में उपचार के लिए भेजा गया।

# अवैध हथियार तस्करी मामले में आरोपी काबू

- इससे पहले 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी पुलिस

**सोनीपत।** एसटीएफ/एसयूएजी यूनिट सेक्टर-7 की टीम ने अवैध हथियार तस्करी के मामले में फरार चल रहे पांचवें आरोपित को गिरफ्तार किया है। अदालत में पेश करने के बाद आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस के अनुसार अप्रैल 2025 में जाखौली टोल प्लाजा के पास एक कार से आठ देशी पिस्तौल, पांच मैगजीन और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए थे। इस संबंध में राई थाना में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस चार आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी। अब फरार चल रहे पांचवें आरोपित को भी काबू कर लिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान उससे अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त के नेटवर्क व अन्य लोगों के बारे में पूछताछ की जाएगी।

# युवक ने जहर खाया, चार ससुरालियों पर केस दर्ज

**सोनीपत।** हनुमान नगर में एक युवक की जहर खाने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में मृतक के पिता की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने ससुराल पक्ष के तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव सांदल कलां निवासी राजबीर ने बताया कि उनका 35 वर्षीय बेटा कृष्ण अपनी पत्नी के साथ हनुमान नगर की गली नंबर-12 में रहता था। उनके अनुसार पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। आरोप है कि विवाद के दौरान पत्नी ने अपने मायके से परिजनों को बुलाया, जिन्होंने कृष्ण के साथ मारपीट की। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष पर उनके 90 हजार रुपये बकाया थे। रुपये मांगने पर कृष्ण के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता था और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। परिजनों का आरोप है कि लगातार मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से परेशान होकर कृष्ण ने जहरीला पदार्थ खा लिया।

## बारिश के बाद तापमान में करीब तीन डिग्री की गिरावट, किसानों को होगा फायदा

### फाजिलपुर पावर हाउस की 33 केवी लाइन बाधित करीब एक घंटे प्रभावित रही बिजली आपूर्ति

# देर शाम आंधी और झमाझम बारिश से उमस भरी गर्मी से राहत, आज मौसम रहेगा साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

शहर में सोमवार को दिनभर उमस भरी गर्मी से लोग परेशान रहे। हालांकि देर शाम अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज आंधी के साथ हुई झमाझम बारिश ने लोगों को राहत पहुंचाई। बारिश के बाद तापमान में करीब तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, जिससे मौसम सुहावना हो गया। सोमवार को अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 27.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह से ही हवाओं की रफ्तार धीमी रहने और धूप निकलने से उमस बढ़ गई थी। शाम करीब पांच बजे तक लोग गर्मी से बेहाल रहे। इसके बाद आसमान में काले बादल छा गए और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली और मौसम खुशनुमा हो गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार सोनीपत सहित दिल्ली-एनसीआर में अगले चार दिनों तक मौसम सामान्यतः साफ रहने की संभावना है। बारिश से जिले में धान की रोपाई और हरे चारे की फसलों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इस वर्ष जिले में करीब 90 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की रोपाई का लक्ष्य रखा गया है। कृषि विभाग के अनुसार अब तक लगभग 65 प्रतिशत क्षेत्र में धान की रोपाई पूरी हो चुकी है। वहीं तेज आंधी के कारण 132 केवी फाजिलपुर पावर हाउस से जुड़ी 33 केवी मुख्य लाइन प्रभावित हो गई, जिससे कई क्षेत्रों में करीब एक घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। बाद में तकनीकी खराबी दूर कर आपूर्ति सामान्य कर दी गई।



ओल्ड डीसी रोड का नजारा



कच्चे क्वार्टर मार्केट चौक




रोहतक,मंगलवार
14 जुलाई 2026

हरिभूमि सहेली



महिलाओं के पास घर-परिवार की एक नहीं कई तरह की जिम्मेदारियां होती हैं। परिवार के छोटे-बड़े सभी उन्हीं पर निर्भर रहते हैं, सबका ध्यान रखना होता है। इतना ही नहीं, घर की पूरी व्यवस्था भी उन्हें ही संभालनी होती है। इतनी सारी जिम्मेदारियों के बीच महिलाएं अपना ध्यान नहीं रख पातीं, जो उनके मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है। ऐसे में महिलाएं होममेकर के साथ सेल्फमेकर भी बनें। वे दूसरों के साथ अपनी भी केयर करें, मी टाइम जरूर निकालें।

# होममेकर के साथ-साथ सेल्फमेकर भी बनें

कवर स्टोरी

प्रतिभा अग्निहोत्री

हमारे समाज में घर-परिवार की नींव महिलाओं के त्याग, मेहनत और प्यार पर टिकी होती है। घर की महिला सुबह तड़के उठने से लेकर रात सोने तक अपने परिवार के प्रत्येक सदस्य की जरूरतों को पूरा करने में लगी रहती है। बच्चों की देखभाल, परिवार के हर सदस्य की पसंद-नापसंद का ध्यान रखना, घर की व्यवस्था, बुजुर्गों की देखभाल, पूरे दिन वह अपनी जिम्मेदारियां निभाती है। यही वजह है कि महिलाओं को घर की 'होममेकर' कहा जाता है, क्योंकि पूरे परिवार की धुरी वही होती हैं। परिवार का हर सदस्य उनके ऊपर निर्भर रहता है। सवाल यह है कि क्या केवल परिवार की देखभाल करना ही एक महिला की पहचान है? क्या उसका अपना कोई अस्तित्व नहीं है? हर महिला का भी अपना एक आत्मसम्मान है, इसे उन्हें बनाए रखना चाहिए। इसके लिए महिलाओं को स्वयं हर संभव प्रयास करना होगा, पूरी तरह से जागरूक भी रहना पड़ेगा।

**खुद को पेंपर करें:** आज समय की मांग है, महिलाएं 'होममेकर' के साथ-साथ 'सेल्फमेकर' भी बनें। इसका अर्थ यह नहीं कि वे अपनी जिम्मेदारियों से दूर हो जाएं। वे घर-परिवार की जिम्मेदारियों को पूरा करने के साथ अपने लिए भी कुछ समय निकालें, अपनी खुशियों को महत्व दें, सेल्फकेयर करना सीखें, दूसरों के साथ-साथ खुद को भी पेंपर करें, अपने अस्तित्व और पहचान के लिए जागरूक रहें। इसके लिए मोटिवेशनल और पर्सनालिटी ग्रूम करने वाली बुक्स पढ़ें। दोस्तों से मिलें या अकेले कुछ समय बिताएं। ऐसा करना स्वार्थी बन जाना नहीं है, यह अपने आत्मसम्मान को बनाए रखने के लिए जरूरी है।



**खुद की भी करें केयर :** अकसर देखा जाता है कि महिलाएं परिवार के हर सदस्य के स्वास्थ्य और पसंद का ध्यान रखती हैं, लेकिन जब बात खुद की आती है तो वे अपनी जरूरतों को पीछे कर देती हैं। घर में सबके लिए पौष्टिक खाना बनाने वाली महिलाएं कई बार खुद समय बचाने के लिए या फिर अपने मन का खाना बनाने में आलस्य कर जाती हैं, 'अरे अकेले के लिए क्या बनाना,' सोचकर कुछ भी खाकर अपना पेट भर लेती हैं। सभी के आराम का ध्यान रखने वाली महिलाएं थकान होने के बावजूद भी अपनी थकान को नजरअंदाज कर देती हैं। खुद को पीछे रखने की यह आदत धीरे-धीरे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए सही नहीं रहती, वे बीपी, शुगर और थायरॉयड जैसी बीमारियों का शिकार हो जाती हैं।

**अपनी खुशी भी है जरूरी:** चूंकि आप अपने परिवार की धुरी हैं, इसलिए यदि आप खुद स्वस्थ और खुश रहेंगी तो ही अपने परिवार को खुश रख पाएंगी, जिस प्रकार से हवाई जहाज में बैठते समय चोट लगने से बचने के लिए सीट बेल्ट लगाने की सलाह दी जाती है, उसी प्रकार घर में किसी आपातस्थिति को आने से रोकने के लिए आपको अपने स्वास्थ्य और खुशी की सीट बेल्ट अवश्य लगानी चाहिए। इसके लिए जरूरी है, परिवार के अन्य सदस्यों के साथ-साथ आप अपना भी वर्ष में एक बार हेल्थ चेकअप जरूर करवाएं।



**मी टाइम निकालें:** विश्व प्रसिद्ध टॉक-शो होस्ट ओपरा विंफ्रे के अनुसार, 'अपने जीवन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी यह है कि आप खुद को जानें और इसके लिए सबसे जरूरी है कि पूरे दिन घर में खटते रहने के बजाय आप अपने लिए भी कुछ समय निकालें, खुद के साथ कुछ समय बिताएं। इस समय में आप केवल अपनी पसंद का काम करें फिर वह चाहे योग, व्यायाम, किताब पढ़ने, संगीत सुनने, बागवानी करना, पेंटिंग करना, लिखने या किसी भी ऐसी हॉबी के लिए हो सकता है, जिससे आपको खुशी मिलती हो। वास्तव में हॉबी केवल समय बिताने का साधन नहीं होती, बल्कि अपनी हॉबी को पर्स्यू करने से एक सेटिस्फेक्शन मिलता है, जिससे आप अपने आपको ऊर्जावान महसूस करती हैं और मन आत्मविश्वास से भर उठता है।

**स्किल को डेवलप करें:** प्रसिद्ध लेखिका सुधा मूर्ति कहती हैं, 'एक महिला जब अपने अंदर के आत्मविश्वास को पहचान लेती है तो वह अपने परिवार और समाज के लिए प्रेरणा बन जाती है।' आज का दौर सोशल मीडिया का है, जिसमें आप अपनी किसी भी स्किल को डेवलप करके उसे प्रोफेशनल टच दे सकती हैं या फिर सोशल मीडिया से भी कमाई कर सकतीं हैं। यदि आपको कुकिंग का शौक है तो इंस्टाग्राम और यू-ट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म पर इन्हें शेयर करके अच्छी खासी अर्निंग कर सकती हैं। लेखन, कला, सिलाई, संगीत या जिस भी क्षेत्र में आपकी रुचि है, उसे डेवलप करके आप खुद के साथ-साथ समाज और अपने परिवार को भी एक नई पहचान दे सकती हैं।

**खुद को दें प्राथमिकता:** नागरिकों, विशेषकर महिला अधिकारों के लिए लड़ने वाली एलेनेर रूजवेल्ट ने कहा है, 'आत्मसम्मान हमारी अपनी सोच से बनता है।' खुद का खान-पान हो, हेल्थ हो या फिर कहीं जाने का अवसर हो, महिलाएं खुद को सबसे पीछे रखती हैं। विचारणीय प्रश्न है कि यदि आप ही स्वयं को प्राथमिकता नहीं देंगी तो दूसरे क्यों देंगे? इसलिए अपने प्रति अपनी सोच को उन्नत बनाएं और परिवार के सभी सदस्यों के साथ अपनी थाली में भी पौष्टिक भोजन रखें, अपना भी हेल्थ चेकअप करवाएं, परिवार के साथ-साथ अपनी खुशी का ध्यान रखें। कभी-कभी दोस्तों के साथ भी घूमने जाएं। अपनी पसंद की भी डिश बनाएं, अपने मन की मूवी देखें, इस सबसे आपके अंदर डोपामाइन हार्मोन रिलीज होगा, जिससे आप तो खुश रहेंगी ही, साथ ही परिवार के सभी सदस्य भी खुश रहेंगे।

**आवाज उठाना सीखें:** महिलाओं के हक के लिए लड़ने वाली नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई कहती हैं, 'हर महिला को अपनी पसंद, अपनी इच्छाओं और अपनी पहचान के लिए आवाज उठाने का अधिकार है।' कई परिवार वाले महिलाओं की भावनाओं और उनके काम की कद्र नहीं करते, ऐसे में अकसर महिलाएं खुद की भावनाओं और इच्छाओं से समझौता करना शुरू कर देती हैं। धीरे-धीरे उनकी सारी इच्छाएं और भावनाएं ही समाप्त हो जाती हैं। इससे बचने के लिए वे विनम्र और शालीन स्वर में अपनी बातें परिवार के सामने रखें, उन्हें समझाने का प्रयास करें। जरूरी है कि हर महिला खुद से वादा करे, इससे वह केवल दूसरों के सपनों को पूरा करने वाली नहीं, अपने सपनों को जीने वाली भी बनेगी। वह होममेकर जरूर बने, लेकिन इसके साथ ही अपनी जिंदगी की सेल्फमेकर भी बने। अपनी एक पहचान बनाए, सशक्त बने।

# अपने काम का श्रेय लेने में संकोच कैसा!

कुछ लोग किसी काम में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर उसे बेहतर अंजाम देते हैं। लेकिन इसका श्रेय लेने में संकोच करते हैं। नतीजा यह होता है, दूसरे उनके काम का श्रेय ले लेते हैं। अपने काम और मेहनत का श्रेय लेने से चूके नहीं। यह आपकी उन्नति के लिए जरूरी है।

एडवाइस

मेघा राठी



अकसर यह देखा जाता है कि कई लोग अपने काम, मेहनत और उपलब्धियों के बारे में बोलने से संकोच करते हैं। उन्हें लगता है कि यदि उनका काम अच्छा होगा तो लोग स्वयं तारीफ करेंगे, लेकिन वास्तविकता उलट है, हर बार ऐसा नहीं होता। आपकी मेहनत का श्रेय कोई और ले जाता है। आप केवल 'विनम्र' बनी रह जाती हैं। इस तरह विनम्र बने रहना सही नहीं है। कुछ स्थितियों में अपने काम का उचित श्रेय लेना जरूरी है, क्योंकि यह केवल अहंकार की बात नहीं, आपके आत्मसम्मान, पहचान और भविष्य के अवसरों से जुड़ी बात है।

**चुप रहना क्यों गलत है:** बहुत से लोग यह सोचकर अपने योगदान का उल्लेख नहीं करते कि कहीं लोग उन्हें घमंडी न समझ लें, जबकि वे टीम में सबसे अधिक मेहनत करते हैं, दूसरों की मदद करते हैं, जिम्मेदारियां निभाते हैं, लेकिन जब परिणाम सामने आते हैं तब उनका कहीं नाम नहीं होता। धीरे-धीरे ऐसे होते रहना दूसरों के लिए सुविधा बन जाती है। लोग मान लेते हैं कि आप बिना पहचान चाहे भी काम करती रहेंगी। परिणाम यह होता है, आपकी मेहनत को कोई सम्मान नहीं मिलता और किसी दूसरे को अधिक योग्य समझा जाने लगता है।



**काम का श्रेय न लेने के दुष्प्रभाव:** यदि आप अपने योगदान को स्पष्ट नहीं करती हैं, तो लोग आपके काम का महत्व समझ ही नहीं पाते। कार्यस्थल हो, परिवार हो या सामाजिक जीवन, पहचान उसी की बनती है, जिसका योगदान दिखाई देता है। जब आप स्वयं अपने काम को नहीं बताएंगी, तब कई लोग आपके काम को अपना बताने लगते हैं। यह स्थिति मानसिक रूप से बहुत दुःख देती है, क्योंकि भीतर से आप जानती हैं कि मेहनत आपकी थी। लगातार अनदेखा किया जाना व्यक्ति के भीतर यह भावना पैदा कर देता है कि शायद उसका काम महत्वपूर्ण ही नहीं है। इससे आत्मविश्वास प्रभावित होता है, व्यक्ति अपनी क्षमता पर संदेह करने लगता है। काम की दुनिया में अवसर उसी को मिलते हैं, जिसकी उपलब्धियां सामने आती हैं। यदि आपकी मेहनत लोगों तक पहुंचेगी ही नहीं तो नई जिम्मेदारियां, पदोन्नति या सम्मान कैसे मिलेगा, ये किसी और को मिल सकते हैं। इसलिए इसमें संकोच नहीं करना चाहिए।

**अपने काम का श्रेय लेना अहंकार नहीं:** कई लोग श्रेय मांगने को अहंकार समझते हैं, जबकि दोनों में अंतर है। अहंकार वह है, जहां व्यक्ति दूसरों को छोटा दिखाकर स्वयं को बड़ा साबित करे। लेकिन अपने काम का उचित उल्लेख करना अपना आत्मसम्मान है। यदि आपने मेहनत की है, जिम्मेदारी निभाई है, किसी कार्य को सफल बनाया है तो यह बताना गलत नहीं कि उसमें आपका योगदान क्या था।

**श्रेय लेने का सही तरीका क्या हो:** सवाल यह है आप अपने काम का श्रेय कैसे लें? इसके लिए यह जरूरी नहीं है कि हर समय स्वयं की प्रशंसा करें। आप आवश्यकता पड़ने पर अपने योगदान को स्पष्ट और संतुलित तरीके से रखें। इसके लिए शांत और तथ्यात्मक भाषा का प्रयोग करें। दूसरों के योगदान को भी सम्मान दें। अपनी मेहनत को कम करके न दिखाएं। जहां जरूरी हो, वहां स्पष्ट रूप से कहें, 'इस कार्य में मेरा यह योगदान था।' यह ना भूलें कि अपने काम का श्रेय लेने का सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जब आप अपनी मेहनत को स्वीकारती हैं, तब भीतर आत्मविश्वास बढ़ता है। आपको महसूस होता है कि आपकी पहचान केवल दूसरों की स्वीकृति पर निर्भर नहीं है। आपको अपनी योग्यता पर यकीन होता है। जब लोगों को आपके योगदान का पता होता है, तब वे आपको नई जिम्मेदारियों और अवसरों के लिए योग्य मानते हैं।

चाइल्ड डेवलपमेंट

दीपिका शर्मा

जब बच्चे का शारीरिक-मानसिक विकास सही ढंग से होता ना दिखे तो इसका कारण समझना जरूरी हो जाता है। भविष्य में बच्चे को कोई बड़ी समस्या न हो, इसलिए एक्सपर्ट से सलाह लेनी चाहिए कि कहीं बच्चा न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर का तो शिकार नहीं है।

# न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर जरूरी है समय पर पहचान

यदि किसी बच्चे को कोई मेंटल या फिजिकल प्रॉब्लम है, इसका पता समय रहते चल जाए तो इसे दूर करना आसान हो जाता है। इसकी एक अच्छी मिसाल है आठ वर्षीय आरव। उसे तीन वर्ष की आयु तक बोलने में कठिनाई थी। स्कूल जाने पर उसे पढ़ने-लिखने में भी परेशानी होने लगी। पैरेंट्स ने विशेषज्ञों से परामर्श लिया। जांच में पता चला कि वह न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर से प्रभावित है। समय पर स्पीच थेरेपी, स्पेशल एजुकेशन और फैमिली सपोर्ट मिलने से उसकी स्थिति में काफी सुधार हुआ। स्पष्ट है कि समय पर बच्चों के विकार की पहचान हो जाए और उचित देखभाल हो तो बच्चा सुधर सकता है।



**बच्चे का डेवलपमेंटल पीरियड है बहुत महत्वपूर्ण:** विशेषज्ञों के अनुसार जीवन का शुरुआती डेवलपमेंटल पीरियड बहुत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इसी दौरान बच्चे के मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र का तीव्र विकास होता है। यदि इस विकास प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न होती है, तो बच्चे के सीखने, व्यवहार और सामाजिक कौशल पर प्रभाव पड़ सकता है।



**समय पर पहचान है जरूरी:** न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर ऐसे विकार हैं, जो मुख्य रूप से मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र के विकास को प्रभावित करते हैं। इनकी शुरुआत प्रायः बचपन में होती है। इनके लक्षण बच्चे के विकास की गतिविधियों में दिखाई देते हैं। प्रत्येक बच्चे के विकास के कुछ माइलस्टोन होते हैं, जैसे मुस्कुराना, बैठना, चलना, बोलना, वस्तुओं को पकड़ना, दूसरों से संवाद करना और नई चीजें सीखना। यदि बच्चा इन माइलस्टोंस को अपेक्षित समय पर प्राप्त नहीं कर पाता, तो यह विकासात्मक देरी के संकेत होते हैं।

**ये हैं महत्वपूर्ण लक्षण:** न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर से प्रभावित बच्चों में कई प्रकार के लक्षण दिखाई देते हैं। कुछ बच्चों को बोलने और भाषा समझने में कठिनाई होती है, जबकि कुछ बच्चों को पढ़ने-लिखने में समस्या आती है। कई बच्चे ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते, निर्देशों का पालन नहीं करते। कुछ बच्चों को दूसरों के साथ संवाद करने में भी परेशानी होती है।

**लक्षणों को न करें नजरअंदाज:** ऊपर बताए गए लक्षणों को केवल बच्चे की 'शरारत' या 'धीमे सीखने की क्षमता' समझकर अनदेखा करना उचित नहीं है। अमेरिकन साइकियाट्रिक एसोसिएशन (एपीए) की डीएसएम-5-टीआर के अनुसार न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर की प्रमुख श्रेणियों में एडीएचडी (ध्यान-अभाव एवं अतिसक्रियता विकार), ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार, बौद्धिक अक्षमता, विशिष्ट अधिगम विकार (जैसे डिस्लेक्सिया और डिस्कैल्कुलिया) संचार विकार शामिल हैं। ये विकार बच्चे की शैक्षणिक उपलब्धियों, सामाजिक समायोजन, आत्मविश्वास और भविष्य के अवसरों को प्रभावित कर सकते हैं।

**क्या है सही उपचार:** इन विकारों का उपचार केवल दवाओं तक सीमित नहीं है। प्रारंभिक पहचान, मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन, विशेष शिक्षा, स्पीच और लैंग्वेज थेरेपी, व्यवहार चिकित्सा, परिवार और स्कूल का सहयोग बच्चे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**सजग रहें अभिभावक, शिक्षक और समाज:** आज आवश्यकता इस बात की है कि अभिभावक, शिक्षक और समाज बच्चों के विकासात्मक संकेतों के प्रति सजग रहें। न्यूरोडेवलपमेंटल डिसऑर्डर किसी बच्चे की कमजोरी नहीं है, बल्कि ऐसी परिस्थितियां हैं, जिनमें अतिरिक्त समझ, धैर्य और सहयोग की आवश्यकता होती है। सही समय पर सहायता, संवेदनशील दृष्टिकोण से ऐसे बच्चों को भी आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा को विकसित करने का अवसर दिया जा सकता है।

(क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉक्टर नेहा से बातचीत)



स्किन केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# नाइट क्रीम से मिलेगा सॉफ्ट-नेचुरल ग्लो

दिन भर काम की व्यस्तता, तनाव, भाग-दौड़ वाली जीवनशैली और प्रदूषण की वजह से हमारी त्वचा बेजान हो जाती है। रात के समय स्किन खुद को रिपेयर करती है। इस दौरान नाइट क्रीम लगाना बेहद फायदेमंद होता है। इन दिनों बाजार में कई तरह की नाइट क्रीम उपलब्ध हैं, लेकिन अच्छी क्वालिटी की नाइट क्रीम आप घर पर ही आसानी से बना सकती हैं। ये आपकी ब्यूटी पर चार चांद लगाएंगे, सस्ते भी पड़ेंगे और इनका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होगा।

**स्किन के लिए फायदेमंद:** नाइट क्रीम एक तरह की न्यूट्रीशस क्रीम होती है, जिससे मसाज करने पर त्वचा में नमी बढ़ती है। ये स्किन को ठंडा रखने वाला तत्व भी प्रदान करती है, जिससे स्किन कूल फील करती है। कई तरह की नाइट क्रीम को एंटी-एजिंग क्रीम की तरह भी इस्तेमाल किया जाता है क्योंकि इनमें ऐसे तत्व भी मौजूद होते हैं, जो बढ़ती उम्र के लक्षणों को कम कर सकते हैं।



**स्किन टाइप का रखें ध्यान:** नाइट क्रीम को यूज करने से पहले स्किन टाइप का ध्यान रखना जरूरी है। यह उन महिलाओं के लिए अधिक फायदेमंद होती है, जिनकी स्किन नॉर्मल या ड्राय होती है। अगर आपकी स्किन ऑयली है या आपके चेहरे पर मुंहासे, फुंसी या रैशेज जल्दी हो जाते हैं तो इसका उपयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि ऑयली स्किन को क्रीम से मसाज करने की जरूरत नहीं होती है। अगर आप इसका इस्तेमाल करती हैं तो इससे स्किन के पोर्स बंद हो जाते हैं और ब्लैक हेड्स या कील-मुंहासे होने का रिस्क बढ़ जाता है। अगर आपकी नॉर्मल या ड्राय स्किन है तो आप 25 साल की उम्र के बाद नाइट क्रीम का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**कैसे करें अप्लाई:** रात को सोने से पहले स्किन को साफ करने के बाद नाइट क्रीम का इस्तेमाल करना चाहिए। सबसे पहले चेहरे पर नाइट क्रीम लगाकर अच्छी तरह से मालिश करनी चाहिए। आप अपनी गर्दन पर भी नाइट क्रीम का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**नॉर्मल-ऑयली स्किन के लिए:** नॉर्मल और ऑयली स्किन के लिए नाइट क्रीम ऐसे बना सकती हैं। एलोवेरा जैल में कुछ बूंदें नीबू के रस की मिलाकर बने मिश्रण को सोने से ठीक पहले चेहरे, गर्दन और खुली त्वचा पर लगा कर सो जाएं। सुबह उठते ही ताजे पानी से धो डालें। इससे आपकी स्किन सॉफ्ट हो जाएगी।

**ड्राय स्किन के लिए:** अगर आपकी स्किन ड्राय है तो नाइट क्रीम ऐसे बना सकती हैं। दो चम्मच एलोवेरा जैल में एक चम्मच ऑलिव ऑयल और दो चम्मच मिल्क पावडर को मिलाकर एक समान गाढ़ा पेस्ट बना लें। अपने चेहरे और गर्दन को साफ करके इस पेस्ट को स्किन पर लगाकर सो जाएं। सुबह ताजे पानी से इसे धो डालें। आप चाहें तो इस मिश्रण को ज्यादा मात्रा में बनाकर एयर टाइट जार में फ्रिज में रख कर रोजाना रात्रि में उपयोग कर सकती हैं।

डाइट सजेशन

राजकुमार 'दिनकर'

बारिश के मौसम में कई तरह के इंफेक्शन होने का खतरा बढ़ जाता है। इनसे बचने के लिए बॉडी इम्यूनिटी का स्ट्रॉन्ग होना जरूरी है। इसके लिए आपको अपनी डाइट का ध्यान रखना होगा। इस सीजन में कैसी हो आपकी डाइट, जानिए।

# रेग्युलर लें न्यूट्रिशस डाइट स्ट्रॉन्ग रहेगी इम्यूनिटी

बरसात के मौसम में वातावरण में नमी बढ़ जाती है। तापमान में उतार-चढ़ाव रहता है। ऐसे में वातावरण में कई तरह के बैक्टीरिया, वायरस, फंगस तेजी से पनपते हैं। यही कारण है कि इस दौरान सर्दी, जुकाम, वायरल फीवर, गले में खराश, पेट में संक्रमण, फूड प्वॉइजनिंग और त्वचा संबंधी समस्याएं अधिक देखने को मिलती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून के दौरान खान-पान पर विशेष ध्यान दिया जाए तो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाया जा सकता है। इसके लिए खाद्य पदार्थों का चयन करते समय आपको जानना चाहिए कि कौन से ऐसे सुपरफूड्स हैं, जो इस मौसम में विटामिन, खनिज, एंटी ऑक्सीडेंट्स और अन्य जरूरी पोषक तत्व भरपूर मात्रा में देते हैं, जो इम्यूनिटी बढ़ाने में सहायक होते हैं।





**अदरक:** अदरक यूं तो कई लोग स्वाद के लिए हर मौसम में खाते हैं, लेकिन बारिश के दिनों में इसका इस्तेमाल जरूर करें। इसमें मौजूद एंटीइंफ्लेमेट्री और एंटीऑक्सीडेंटिव गुण शरीर को संक्रमणों से लड़ने में मदद करता है। साथ ही यह हमारे पाचन को भी बेहतर बनाती है, जिससे पेट की समस्याओं से छुटकारा मिलता है। सर्दियों की तरह बारिश में भी अदरक वाली चाय गले को आराम पहुंचाती है और सर्दी-जुकाम से हमें छुटकारा दिलाती है।

**हल्दी:** हल्दी भी एक ऐसा सुपर फूड है, जिसका इस्तेमाल बारिश के दिनों में जरूर करना चाहिए। हालांकि हल्दी भारतीय रसोई का अभिन्न हिस्सा है। इसलिए अगर विशेष रूप से इस पर फोकस न भी किया जाए, तो भी हल्दी हम अकसर खाते ही रहते हैं। लेकिन बारिश के दिनों में इसे पूरी सजगता से अपने भोजन का हिस्सा बनाना चाहिए, क्योंकि इसमें पाया जाने वाला करक्यूमिन शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट तत्व, यह सूजनरोधी गुणों के लिए जाना जाता है। मानसून में हल्दी वाला दूध पीना काफी फायदेमंद होता है। इससे शरीर की नियमित प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत बनी रहती है। कई शोधों से पता चला है कि हल्दी में रोग प्रतिरोध क्षमता होती है, लेकिन इसका इस्तेमाल संतुलित मात्रा में ही करना चाहिए।



**दही-छाछ:** बरसात के मौसम में पाचनतंत्र को स्वस्थ रखने में दही और छाछ भी बहुत सहायक हैं, लेकिन कई लोग बारिश के दिनों में दही खाने से बचते हैं। जबकि इसके खाने से आंतों में अच्छे बैक्टीरिया बढ़ते हैं। पाचन भी बेहतर होता है और शरीर की प्रतिरक्षा क्षमता को भी मजबूती मिलती है।

**मौसमी फल-सूखे मेवे:** मानसून में उपलब्ध कई फल विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं जैसे जामुन, नाशपाती, आलू बुखारा, सेब और अनार। ये खाने से शरीर को पोषण मिलने के साथ-साथ प्रतिरोधी तंत्र को भी मजबूती मिलती है। कोई भी फल हमेशा धोकर खाने चाहिए।

### क्या खाएं-क्या न खाएं

- दिन में एक-दो बार तुलसीयुक्त हर्बल चाय पिएं।
- घर का बना ताजा और गर्म भोजन करें। बासी भोजन खाने से बचें।
- अत्यधिक तले, भुने खाद्य पदार्थ न खाएं। बाजारू चीजें खाने से बचें।
- बादाम, अखरोट, काजू और अन्य ड्राय फ्रूट्स खाएं।
- पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पानी पिएं।

## खबर संक्षेप

### डीआईईटी में अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप

**सोनीपत।** राई क्षेत्र के गांव बढ़मलिक स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डीआईईटी) में अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी गई है। शिकायत में गांव जठेड़ी निवासी रविंद्र जठेड़ी ने कहा कि संस्थान में कुछ कर्मचारियों के समय पर उपस्थित न होने के बावजूद हाजिरी रजिस्टर में कथित तौर पर हेरफेर कर उपस्थिति दर्ज की जा रही है, जिससे सरकारी नियमों की अनदेखी हो रही है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार के निर्देशों के बावजूद संस्थान में फेस रिकग्निशन अथवा बायोमेट्रिक उपस्थिति व्यवस्था लागू नहीं की गई।

### अवैध शराब तस्करी का छठा आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट वेस्ट की टीम ने अवैध शराब तस्करी के चर्चित मामले में एक और कार्रवाई करते हुए छठे आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित को न्यायालय में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार 22 दिसंबर 2025 को मुरथल क्षेत्र में एक 14 टायरी ट्रक से चावल की बोरियों के पीछे छिपाकर ले जाई जा रही 1090 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गई थी। मामले में फरार चल रहे एक अन्य आरोपित को भी काबू कर लिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान शराब तस्करी के नेटवर्क और अन्य संलिप्त लोगों के संबंध में पूछताछ की जाएगी।

### शिविर में दो सगे भाइयों सहित 29 ने किया रक्तदान

**गोहाना।** सोमवार को शहर में सोनीपत मार्ग टी-प्वाइंट पर भगवान परशुराम चौक में आयोजित भागराम ट्रस्ट के साप्ताहिक शिविर में दो सगे भाइयों समेत 29 लोगों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। शिविर के मुख्य अतिथि पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष, गोहाना के अध्यक्ष पंकज जैन और विशिष्ट अतिथि प्रांशु जैन रहे। मार्गदर्शन प्रमुख रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास का रहा और संयोजन सतीश सैनी ने किया। शिविर में विशेष रक्तदाताओं में हरियाणा पुलिस से संदीप कुमार, चांद सिंह, दो सगे भाइयों में अनिल और निशांत ने रक्तदान का पुण्य कमाया। नियमित रक्तदाताओं में डॉ. दीपक, विनोद, अरविंद, आजाद, वीरेंद्र, रामदिनेश, धर्मवीर, राजेश कुमार और प्रवीन ने रक्तदान किया। शिविर में रवि, रॉकी, जगजीत, विजय और मुकेश ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में हो रहा हर वर्ग का विकास

# जनहित के कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : विधायक

- सभी शिकायतों का संबंधित अधिकारी करें समय से समाधान, फरियादी न काटें चक्कर

हरिभूमि न्यूज . खरखौदा

विधायक पवन खरखौदा की अध्यक्षता में उपमंडल कार्यालय, खरखौदा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसडीएम अमित भारद्वाज भी उपस्थित रहे। विधायक ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियम एवं कानून के अनुसार सभी जायज मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटान सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को समय पर राहत मिल सके। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। समाधान शिविरों का उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों की एक ही स्थान पर सुनवाई कर उनका समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत पर पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए नियमों के अनुरूप पात्र मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।


खरखौदा। शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक व एसडीएम।

#### शिविर में चार फरियादी पहुंचे शिकायतें लेकर

के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल चार शिकायतें प्राप्त हुईं। पहली शिकायत सांपला रोड, खरखौदा स्थित एक दुकान के सामने लगे ट्रांसफार्मर एवं तीन बिजली पोलों से उत्पन्न हो रहे सुरक्षा खतरे को लेकर थी। इस पर संबंधित एसडीओ को मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। दूसरी शिकायत एक मकान की छत के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन को हटाने संबंधी थी, जिसे आवश्यक कार्रवाई के लिए यूएचबीवीएनएल के एसडीओ को भेजा गया। तीसरी शिकायत गांव पिपली से प्राप्त हुई, जिसमें गली में लगे ट्रांसफार्मर की जली हुई बिजली तार के कारण करंट फैलने तथा वहां से गुजरने वाले स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की गई। इस मामले में भी संबंधित विभाग को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर तहसीलदार बिजेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार अचिन, बीडीपीओ सुरेंद्र आर्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


खरखौदा। प्रेस वार्ता को संबोधित करते विधायक पवन खरखौदा।

#### 17 जुलाई को हरियाणा को मिलेगी हाइड्रोजन ट्रेन की सौगात, प्रधानमंत्री मोदी करेंगे शुभारंभ : पवन

खरखौदा। विधायक पवन खरखौदा ने कहा है कि 17 जुलाई को हरियाणा को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद में हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण अवसर होगा। प्रेस वार्ता में विधायक ने कहा कि यह केवल एक ट्रेन का शुभारंभ नहीं, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा, आधुनिक तकनीक और विकसित भारत की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए केंद्र सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति सभी क्षेत्रों का समान विकास करने की है। हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के कार्यकाल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिना भेदभाव विकास की नीति को आगे बढ़ाया गया है। हाइड्रोजन ऊर्जा को लेकर हरियाणा में बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। जींद से सोनीपत तक हाइड्रोजन ट्रेन के संचालन से प्रदेश को नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन ट्रेन पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। पवन खरखौदा ने बताया कि 17 जुलाई को सुबह 7 बजे पार्टी कार्यकर्ता खरखौदा कार्यालय से कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना होंगे। करीब 25 इलेक्ट्रिक बसों और सीएनजी बसों के माध्यम से लोगों को कार्यक्रम स्थल तक ले जाने की व्यवस्था की जाएगी। प्रत्येक कार्यकर्ता और पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है।

## न्यूज डायरी


सोनीपत। एडीआर सेंटर में दोनों पक्ष। फोटो : हरिभूमि

### 30 वर्ष पुराना भूमि अधिग्रहण मुआवजा विवाद निपटा

**सोनीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) के दौरान करीब 30 वर्ष पुराने भूमि अधिग्रहण मुआवजा विवाद का आपसी सहमति से निस्तारण किया गया। वर्ष 1996 से विभिन्न न्यायालयों में लंबित यह मामला बाद में सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच गया था। मध्यस्थता एवं सुलह केंद्र में आयोजित प्री-लोक अदालत के दौरान दोनों पक्षों ने बातचीत के बाद समझौते पर सहमति जताई, जिससे लंबे समय से चला आ रहा विवाद समाप्त हो गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रचेता सिंह ने कहा कि विशेष लोक अदालत लंबित मामलों के त्वरित और सौहार्दपूर्ण समाधान का प्रभावी माध्यम है। इससे पक्षकारों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया, समय और खर्च से राहत मिलती है। उन्होंने कहा कि आपसी सहमति से विवाद सुलझने से दोनों पक्षों के बीच संबंध भी बेहतर बने रहते हैं।

### बच्चों ने प्लास्टिक का उपयोग न करने का संदेश दिया

गोहाना। मेन बाजार स्थित जैन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने प्रतियोगगिता के माध्यम से प्लास्टिक का उपयोग न करने का संदेश दिया। विजेताओं को विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र जैन और प्राचार्य कृष्ण लाल दुरेजा ने पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में कक्षा छठी से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता करके अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। संयोजन कला अध्यापक उर्मिला का रहा। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा 8वीं के ध्रुव, द्वितीय स्थान कक्षा 8वीं की मानसी और तृतीय स्थान कक्षा 8वीं की रिया व अयान ने प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने लोगों को संदेश दिया कि वे दुकानदार से कहें कि हमें प्लास्टिक की थैली नहीं चाहिए। इस अवसर पर मुकेश कालड़ा, अनीता, मीनाक्षी, शशि बाला, रीतू, प्रियंका व किरण उपस्थित रहे।


गोहाना। लोक नृत्य का प्रशिक्षण देते हुए नृत्य निदेशक मनोज जाले।

### छात्राओं को लोक नृत्य एवं गायन के गुर सिखाए

**गोहाना।** उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला के सहयोग से धर्म पुत्र कला मंच, गोहाना द्वारा आयोजित 15 दिवसीय लोक नृत्य एवं लोक गायन कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को गांव बुटाना स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुआ। कार्यशाला में लगभग 25–30 विद्यार्थियों ने लोक नृत्य तथा 15–20 विद्यार्थियों ने लोक गायन के प्रशिक्षण हेतु सहभागिता की। कार्यशाला की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि लोक संस्कृति हमारी पहचान है और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोडना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन तथा सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करती हैं। धर्म पुत्र कला मंच के अध्यक्ष एवं नृत्य निर्देशक मनोज जाले ने बताया कि यह कार्यशाला 13 जुलाई से 27 जुलाई तक आयोजित की जाएगी।


गोहाना। कलश यात्रा का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य अश्विनी कुमार।

### गीता विद्या मंदिर ने शहर में निकाली कलश यात्रा

**गोहाना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित गीता विद्या मंदिर, गोहाना द्वारा सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का उद्देश्य समाज को अपनी संस्कृति के साथ आगे बढने का संदेश देना था। प्राचार्य अश्विनी कुमार ने कहा कि हमारी संस्कृति हमारी धरोहर है। सांस्कृतिक मूल्य हमारी पहचान हैं और हमारे जीवन का आधार हैं। हमें पूरे विश्व में अपनी पहचान को मजबूत बनाने के लिए अपने सांस्कृतिक मूल्यों के साथ आगे बढना होगा। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में नियमित रूप से शैक्षिक, सांस्कृतिक, खेलकूद, योग, नैतिक एवं व्यक्तित्व विकास संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। विद्यालय द्वारा गांव बरोदा और गांव मुंडलाना में दो नवीन शिशुवाटिकाओं का संचालन भी किया जा रहा है।


सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

### गर्ल्स कॉलेज की छह छात्राएं एमडीयू मेरिट सूची में

- एमएससी केमिस्ट्री में उत्कृष्ट प्रदर्शन, गुंजन ने हासिल किया दूसरा स्थान

**सोनीपत।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा घोषित सत्र 2024-25 के एमएससी केमिस्ट्री प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर के संयुक्त परीक्षा परिणाम में जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की छह छात्राओं ने विश्वविद्यालय की टॉप-20 मेरिट सूची में स्थान हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। छात्रा गुंजन ने 1200 में से 1072 अंक (89.33 प्रतिशत) प्राप्त कर विश्वविद्यालय में द्वितीय स्थान हासिल किया। रीना ने 1068 अंकों के साथ तीसरा, करीना ने 1041 अंकों के साथ पांचवां, नीतू ने 1031 अंकों के साथ छठा, पुष्पा ने 993 अंकों के साथ 13वां तथा गुंजन शर्मा ने 976 अंकों के साथ 20वां स्थान प्राप्त किया। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी और प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने छात्राओं को बधाई देते हुए इसे उनकी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. दीपिका, कोमेशा हुड्डा, डॉ. नवीन कुमारी, डॉ. सुमन वर्मा और गीतांजू ने भी छात्राओं को शुभकामनाएं दीं तथा भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

# प्रो. सम्पत सिंह की मौजूदगी में दर्जनों युवाओं ने थामा इनेलो का दामन

- सरकारी शिक्षण संस्थानों को मजबूत करने और रिक्त पद भरने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री एवं इनेलो के राष्ट्रीय संरक्षक प्रो. सम्पत सिंह ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार सरकारी शिक्षा को कमजोर कर निजीकरण को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के बजाय सरकारी स्कूलों और विश्वविद्यालयों की उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि शिक्षा पर बजट का हिस्सा कम हुआ है और विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों के कारण शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, डॉ. भीमराव आंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और राई स्थित खेल विश्वविद्यालय में शिक्षकों व वित्तीय संसाधनों की कमी का मुद्दा उठाते हुए रिक्त पद भरने, पर्याप्त अनुदान देने और सरकारी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की। इसी दौरान प्रो. सम्पत सिंह की अगुवाई में दर्जनों युवाओं और पूर्व सैनिकों ने इनेलो की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वालों में पूर्व नौसेना (एक्स-नेवी मास्टर) ईश्वर भारद्वाज, पूर्व सैनिक ओमप्रकाश भारद्वाज, रामफल, विपिन त्यागी, अमित सरवा, नितिन त्यागी, सनी त्यागी, विकास वर्मा, विकास गांगस, दीपक त्यागी और प्रदीप त्यागी सहित अन्य युवा शामिल रहे।


सोनीपत। इनेलो में शामिल होने वालों के साथ पूर्व मंत्री प्रो . संपत सिंह।

# रेलवे रोड पर नाला ओवरफ्लो सड़क पर फैला दूषित पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

रेलवे रोड स्थित स्वामी चेतना स्कूल की गली के बाहर नाला ओवरफ्लो होने से सडक पर दूषित पानी भर गया है।

दूषित पानी सडक पर फैलने से राहगीरों, वाहन चालकों और स्कूली बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। जलभराव के कारण लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाले की नियमित सफाई नहीं होने के कारण यह समस्या पैदा हुई है। सडक पर फैले दूषित पानी से बदबू उठ रही है, जिससे आसपास के दुकानदारों और वाहन चालकों को भी परेशानी हो रही है। कई जगह फिसलन होने से हादसे का खतरा भी बना हुआ है। लोगों ने बताया कि यह समस्या नई नहीं है और हल्की वर्षा या नाले का पानी बढने पर अक्सर ऐसी स्थिति बन जाती है। कई बार शिकायत के बावजूद स्थायी समाधान नहीं हो सका है। इस संबंध में नपा सचिव प्रदीप खर्ब का कहना है कि वह जल्द ही स्थिती का जायजा लेने के लिए सफाई कर्मियों को मौके पर भेजेंगे। यदि नाला ओवफ्लो मिला तो उसकी तुरंत सफाई करवाई जाएगी, ताकि सड़क पर पानी न भरे और लोगों को परेशानी न हो।


गन्नौर। स्वामी चेतना स्कूल की गली के बाहर नाला ओवरफ्लो होने से भरा दूषित पानी।


सोनीपत। अभ्यास वर्ग के प्रतिभागी साथ में प्रशिक्षक एवं अन्य।

### एकल अभियान के वार्षिक अभ्यास वर्ग का शुभारंभ

**सोनीपत।** अंचल सोनीपत में एकल अभियान के आचार्यों का वार्षिक अभ्यास वर्ग रविवार को शुरू हुआ। भाग सहारनपुर के अंतर्गत आयोजित इस अभ्यास वर्ग में 34 गांवों से आईं 34 आचार्य बहनों ने भाग लेकर ग्रामीण शिक्षा, संस्कार और समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में अंचल अध्यक्ष संजय सिंगला, अंचल उपाध्यक्ष संजय वर्मा, संच समिति सदस्य हरकेश, भाग प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षक मोहित पाल, अंचल अभियान प्रमुख बिजेंद्र, अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षक अरविंद चंदेल, अंचल कार्यालय प्रमुख निखिल तथा संच प्रशिक्षक मुकेश, रमेश मलिक और अर्चना चौहान उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि एकल विद्यालय अभियान शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों, भारतीय संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है। अभ्यास वर्ग में आचार्य बहनों को प्रभावी शिक्षण, बाल संस्कार, व्यक्तित्व विकास और संगठनात्मक कार्यप्रणाली का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे गांवों में बच्चों को बेहतर शिक्षा और संस्कार प्रदान कर सकें।

### स्वामी कल्याण देव को पुण्यतिथि पर नमन

**गोहाना।** सोमवार को स्वामी कल्याण देव को उनकी 22वीं पुण्यतिथि पर याद किया गया। उनका श्रद्धांजलि समारोह शहर में महम मार्ग स्थित भगवान विश्वकर्मा चौक में आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा स्वामी कल्याण देव विश्वकर्मा वंश के गौरव व महान शिक्षा ऋषि थे जिन्होंने अपने जीवन के 129 वर्षों में से सौ वर्ष जनसेवा में गुजारे। स्वामी ने 300 शिक्षण संस्थानों के साथ कृषि केन्द्रों, गोशालाओं, वृद्धाश्रमों तथा चिकित्सालयों का निर्माण करा कर समाज सेवा में अपनी उत्कृष्ट छाप छोड़ी। अपने जीवन में वे कभी रिक्शा में नहीं बैठे। पांच घरों से रोटी की भिक्षा लेकर एक रोटी गाय को दूसरी रोटी कुत्ते को और तीसरी रोटी पक्षियों के लिए छत पर डालते थे।


सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### एचकेआरएन कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**सोनीपत।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच से संबद्ध हुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन की ओर से सोमवार को एचएसवीपी कार्यालय सेक्टर-15 में गेट मीटिंग और नारेबाजी की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला चेयरमैन राकेश त्यागी और जिला प्रधान सुरेंद्र सिंह ने की, जबकि संचालन जिला सचिव योग प्रकाश नागर ने किया। प्रदेश अध्यक्ष आर.के. नागर ने आरोप लगाया कि एचएसवीपी के दोनों डिवीजन और संपदा कार्यालय में भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच स्टेट एंटी करप्शन ब्यूरो से कराई जाए। उन्होंने एचकेआरएन कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी लेटर जारी करने में हो रही देरी पर भी नाराजगी जताई और रोहतक प्रशासक से वापस आई 93 फाइलों का जल्द सत्यापन कराने की मांग की। यूनियन ने संपदा कार्यालय में स्टाफ क्वार्टरों पर कथित अवैध कब्जों और अन्य अनियमितताओं की भी जांच कराने की मांग उठाई। चेतावनी दी गई कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो प्रत्येक सोमवार को अधिकारियों के खिलाफ धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। बैठक में सुरेश रोहिल्ला, विजेंद्र सिंह, ध्रुव कुमार, अरुण कुमार, सुरेंद्र रंगा, जोगेंद्र सिंह, शमशेर सिंह, राकेश चांवरिया, समे सिंह, जगबीर, विनोद कुमार, शुभम, राजकुमार, बंसी लाल, सुनील बीढला, जगदीश और सुरेंद्र सिंह मौजूद रहे।



### एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य पर बीएलओ राजवंती सम्मानित

**सोनीपत।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने पर राई विधानसभा क्षेत्र के गांव मलिकपुर, बूथ नंबर-1 की बीएलओ राजवंती को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया। राजवंती ने निर्धारित समय से पहले अपने बूथ के सभी 1067 मतदाताओं के एन्यूमरेशन फार्म का शत-प्रतिशत संग्रह और डिजिटाइजेशन पूरा किया। नेहा सिंह ने कहा कि निर्वाचन कार्य में राजवंती की लगन, ईमानदारी और समयबद्ध कार्यशैली अन्य बीएलओ के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बताया कि एसआईआर-2026 अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया जाएगा।

# राज्य स्तरीय खेल स्पर्धाओं में भाग लेने वालों का मटिंडू गुरुकुल प्रबंधन ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मटिंडू के विद्यार्थियों ने स्टेट लेवल की खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप 5,000 रुपए की नकद पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया। बास्केटबॉल अंडर-14 वर्ग में ईशांत दहिया, योगेश, मयंक और गर्वित ने विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। बास्केटबॉल अंडर -19 वर्ग में सोमेश, अनुज और प्रिंस ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। क्रिकेट अंडर-14 वर्ग में नितेश तथा क्रिकेट अंडर -17 वर्ग में हर्षिता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योति मलिक ने सभी खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों एवं प्रशिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि गुरुकुल स्कूल शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व देता है तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को हर संभव अवसर और प्रोत्साहन प्रदान करता रहेगा।




सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित एडीसी साथ में शिक्षा अधिकारी।

### सरकारी विद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता पर रहेगा फोकस

**सोनीपत।** हरियाणा सरकार और स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से अतिरिक्त उपायुक्तों को सौंपी गई नई जिम्मेदारियों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा ने सोमवार को अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में सरकारी विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं, स्वच्छता, डिजिटल संसाधनों, शिक्षण व्यवस्था और विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। अजय चोपड़ा ने कहा कि सभी विद्यालयों में कार्यशील शौचालय, स्वच्छ पेयजल, चारदीवारी, जलभराव से राहत और अन्य आवश्यक सुविधाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी विद्यार्थी को जर्जर या असुरक्षित भवन में न बैठाया जाए।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों ने अंक सुधार के लिए ने दी गणित की परीक्षा



**सोनीपत।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचबीएसई) की कक्षा 10वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में अंक सुधार व कंपार्टमेंट के विद्यार्थियों के लिए गणित विषय की परीक्षा हुई। शहर में परीक्षा को लेकर बनाए गए चार केंद्रों पर दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक विद्यार्थियों ने शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा में भाग लिया। इन केंद्रों में मुरथल अड्डा स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या विद्यालय, बड़ा बाजार स्थित आर्य कन्या विद्यालय, जटवाड़ा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व काठ मंडी स्थित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शामिल रहे।

### ट्रक से कार टकराई किसान की मौत

**सोनीपत।** गांव रोहट के निकट फतेहपुर पुल के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक से कार टकराने के बाद एक युवा किसान की उपचार के दौरान मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के चाचा की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन खड़ा करने के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव कंवाली निवासी प्रवीन ने बताया कि उनका 24 वर्षीय भतीजा साहिल खेतीबाड़ी करता था। शनिवार को वह कार से कहीं जा रहा था। इसी दौरान हादसा हुआ।

### कर्मचारी के अपहरण और मारपीट का आरोप

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में एक बर्फ फैक्टरी के कर्मचारी के कथित अपहरण और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद निवासी शिवम कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव जाट जोशी स्थित एक बर्फ फैक्टरी में काम करता है। 11 जुलाई की शाम ड्यूटी के दौरान वह फैक्टरी से बाहर गया था। आरोप है कि इसी दौरान कार सवार कुछ लोगों ने उसे जबरन वाहन में बैठा लिया।

### पीएम के ऐतिहासिक कार्यक्रम का रेलवे स्टेशन पर होगा सीधा प्रसारण

# 17 को इतिहास रचेगी हाइड्रोजन ट्रेन, सोनीपत में होगा भव्य स्वागत

### पूर्व प्रदेशाध्यक्ष बड़ौली व उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि भारतीय रेल के इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 17 जुलाई को जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन से संचालित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस ऐतिहासिक अवसर पर ट्रेन के सोनीपत रेलवे स्टेशन पहुंचने पर उसका भव्य स्वागत किया जाएगा। सोनीपत रेलवे स्टेशन पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, उपायुक्त नेहा सिंह, विधायक पवन खरखौदा तथा मेयर राजीव जैन ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं विभिन्न तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जींद में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में किया जाएगा। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ भारत की तकनीकी क्षमता, आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सोनीपत रेलवे स्टेशन पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, विद्यार्थी तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण देखेंगे और हाइड्रोजन ट्रेन का स्वागत करेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने की अपील की।



**सोनीपत।** रेलवे स्टेशन पर पहुंचे पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, भाजपा नेता साथ में अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

#### समय पर व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश

उपायुक्त नेहा सिंह ने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय से पहले पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर लोगों के बैठक की व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति, पार्किंग, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन तथा अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने रेलवे अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। इस मौके पर एसडीएम सुभाष चंद्र, नगराधीश सिमरन, भाजपा जिलाध्यक्ष सोनीपत अशोक भारद्वाज, भाजपा जिलाध्यक्ष गोहाना बिजेन्द्र मलिक, राजकुमार कटारिया, जिला मीडिया प्रभारी दिनेश अत्री सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व रेलवे अधिकारी मौजूद रहे।

### रामनिवास को मिलेगा हिंदुस्तान यूथ आइकॉन अवार्ड-2026

**सोनीपत।** बहालगढ़ निवासी युवा समाजसेवी रामनिवास को समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए 'हिंदुस्तान यूथ आइकॉन अवार्ड-2026' से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही उनका नाम 'हिंदुस्तान यूथ आइकॉन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में भी दर्ज किया जाएगा। सम्मान समारोह 28 जुलाई को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर स्थित मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी में यूथ एवरेस्ट फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित होगा। पिछले पांच वर्षों के दौरान रामनिवास ने शिक्षा, डिजिटल साक्षरता, साइबर सुरक्षा, स्वच्छता, महिला एवं बाल कल्याण, रक्तदान, जल संरक्षण, वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण जैसे कई जनहित कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई है।

### मयूर विहार में दुकानों के शटर चोरी

**सोनीपत।** मयूर विहार में गली नंबर-24 से 26 के बीच सोमवार तड़के छह से अधिक दुकानों में चोरी की वारदात सामने आई। चोर दुकानों के शटर उखाड़कर अंदर घुसे और नकदी व अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से नाराज दुकानदारों ने जिला पार्षद एवं निगम पार्षद प्रतिनिधि संजय बड़वासनिया को मौके पर बुलाकर रोष जताया। संजय बड़वासनिया ने कहा कि शहर में चोरी, लूट और अन्य आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे व्यापारियों में असुरक्षा का माहौल है।

## न्यूज डायरी

### एमडीयू टॉपर छात्राओं के सम्मान में निकली गौरव यात्रा, विधायक ने स्वयं चलाई जीप



**गन्नौर।** जैन गर्ल्स पीजी कॉलेज में सोमवार को विश्वविद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं के सम्मान में 'होनहार बेटी सम्मान समारोह एवं एमडीयू टॉपर गौरव यात्रा' का आयोजन किया गया। समारोह में गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। महाविद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में संस्था प्रधान आनंद जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की टॉपर छात्राओं को सम्मानित करते हुए उन्हें स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि बेटियां आज शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर समाज और प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार भी बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। । कार्यक्रम को सफल बनाने में रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर सेंट्रल, लायंस क्लब गन्नौर गौरव तथा एसआरके स्किल सेंटर का विशेष सहयोग रहा। समारोह में प्राध्यापक, छात्राएं, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पीएम श्री राजकीय स्कूल दतौली में विद्यार्थियों को वितरित किए पौधे



**गन्नौर।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दतौली में इको क्लब की प्रभारी मनीषा मलिक के नेतृत्व में सोमवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पौधे वितरित किए गए और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प भी दिलाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। इको क्लब प्रभारी एवं प्राध्यापिका मनीषा मलिक ने छात्र-छात्राओं को पौधारोपण के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें जीवित रखना भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

### जल निकासी परियोजना पर पार्षदों ने जताई आपत्ति, सुधार के बाद मिलेगी एनओसी

**खरखौदा।** नगर पालिका खरखौदा के चेयरमैन हीरालाल इंदौरा की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। जिसका मुख्य उद्देश्य शहर की जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रस्तावित करीब 35 करोड़ रुपये की परियोजना को नगर पालिका की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दिए जाने को लेकर चर्चा करना रहा। बैठक में सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) की ओर से एसडीओ अंकित कुमार और जेई रोहतास तोमर उपस्थित रहे। इस दौरान नगर पालिका चेयरमैन और विभिन्न वार्डों के पार्षदों ने अधिकारियों के साथ प्रस्तावित जल निकासी परियोजना को लेकर विस्तार से चर्चा की। मालूम हो कि शहर में लंबे समय से जल निकासी की समस्या बनी हुई है जिसके समाधान के लिए हरियाणा सरकार द्वारा करीब 35 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण परियोजना मंजूर की गई है। परियोजना को धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण को सौंपी गई है। य बैठक के दौरान विभिन्न पार्षदों ने परियोजना के मौजूदा स्वरूप को लेकर आपत्ति जताई।



### बिजली-पानी सहित कई समस्याओं पर विधायक ने अफसरों से मांगी जवाबदेही

**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को अपने निजी कार्यालय में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं। लोगों ने बिजली, पेयजल, लोक निर्माण और पंचायत विभाग से जुड़ी शिकायतें रखीं। विधायक ने संबंधित अधिकारियों से बात कर समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए, जबकि कई व्यक्तिगत मामलों का निपटारा भी कराया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सोमवार को जनता दरबार लगाने का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। विधायक ने बताया कि शहर में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए 24 करोड रुपये की लागत से स्टार्म वाटर लाइन बिछाई जा रही है। आधुनिक बस अड्डे और स्वच्छ पेयजल परियोजना पर भी कार्य चल रहा है। साथ ही गन्नौर की अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी का कार्य भी तेजी से जारी है। उन्होंने कहा कि 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जींद-सोनीपत रेलखंड पर देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को रवाना करेंगे।



# पावर ग्रिड के विरोध में किसानों का धरना 36वें दिन भी रहा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



गांव गुहणा में पावर ग्रिड की भूमि मूल्यांकन नीति में के-रेट लागू करने की मांग को लेकर किसानों का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 36वें दिन भी जारी रहा। यह धरना 7 जून से चल रहा है, जिसमें जाजी, गुहणा, मोहाना, भैंसवाल, आंवली और बिलबालन सहित प्रभावित गांवों के किसान और प्रतिनिधि लगातार भाग ले रहे हैं। धरने पर किसानों ने सरकार और संबंधित विभाग के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए कहा कि भूमि मूल्यांकन में लागू की गई लॉटरी प्रणाली किसानों के हितों के विपरीत है। उन्होंने मांग की कि प्रभावित किसानों को के-रेट के आधार पर उचित मुआवजा दिया जाए। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरनास्थल पर वक्ताओं ने एकजुट रहने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी प्रभावित गांवों के किसान अपने अधिकारों के लिए शांतिपूर्ण तरीके से संघर्ष जारी रखेंगे।




### हैप्पी चाइल्ड स्कूल में अभिभावक प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन

**सोनीपत।** हैप्पी चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को अभिभावक प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन नरेंद्र बाल्यान ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, बच्चों के सर्वांगीण विकास, नैतिक मूल्यों, अनुशासन, सकारात्मक पालन-पोषण और डिजिटल युग में उचित मार्गदर्शन के प्रति जागरूक करना रहा। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने अभिभावकों का स्वागत किया। प्रधानाचार्या सुदेश बाल्यान और उप प्रधानाचार्या पूजा राणा ने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में विद्यालय और अभिभावकों की साझेदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के साथ संवाद बनाए रखने, उन्हें पर्याप्त समय देने और सकारात्मक पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराने का आह्वान किया।

### बीआर ग्लोबल विद्यालय में बोर्ड टॉपर्स का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**गन्नौर।** खेड़ी रोड स्थित बीआर ग्लोबल विद्यालय में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन राकेश यादव, शैक्षणिक निदेशिका पूजा पहल, उप-प्रधानाचार्या मंजू सहरावत तथा शिक्षकों ने बोर्ड परीक्षा के टॉपर्स को स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र, छात्रवृत्ति एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। चेयरमैन राकेश यादव ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनकी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज के मेधावी विद्यार्थी ही देश का उज्ज्वल भविष्य हैं और उनकी उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेंगी। शैक्षणिक निदेशिका पूजा पहल ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। सम्मान पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।



### गीता शर्मा की पुस्तक लाइफ स्किल फॉर एवरीडे लाइफ का विमोचन

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पीपली में कार्यरत सहायक प्राध्यापक गीता शर्मा द्वारा लिखित अत्यंत उपयोगी पुस्तक 'लाइफ स्किल फॉर एवरीडे लाइफ' का लेखन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। सोमवार को महाविद्यालय परिसर में प्राचार्या डॉ तराना नेगी द्वारा इस पुस्तक का विमोचन किया गया। यह पुस्तक आधुनिक जीवनशैली में उत्पन्न होने वाली चुनौतियों, मानसिक तनाव और व्यावहारिक कौशल की कमी को दूर करने के उद्देश्य से लिखी गई है। पुस्तक में बहुत ही सरल और प्रभावी ढंग से यह समझाया गया है कि कैसे रोजमर्रा की जिंदगी में छोटे-छोटे बदलाव और जीवन कौशल अपनाकर व्यक्ति सफलता और मानसिक शांति प्राप्त कर सकता है।

### ब्राइट स्कॉलर के हर्ष ने रेसलिंग में जीता कांस्य



**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र हर्ष तोमर ने ओपन रेसलिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश के नवाबगंज स्थित नंदिनी नगर महाविद्यालय में किया गया। इसमें विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया। हर्ष तोमर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया और कांस्य पदक अपने नाम किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उन्होंने श्रेष्ठ रेसलर श्रेणी में भी स्थान बनाया। उपलब्धि पर विद्यालय में आयोजित प्रार्थना सभा के दौरान प्राचार्या डॉ. किरण दलाल ने हर्ष को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की खेल उपलब्धियां अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक हैं। साथ ही हर्ष को भविष्य की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए निरंतर मेहनत और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### छात्र परिषद ने ली नेतृत्व की शपथ

**सोनीपत।** सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल (एस-7) में छठी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। समारोह में आर्यभट्ट, चाणक्य, विवेकानंद और पतंजलि हाउस के कैप्टन, वाइस कैप्टन, हेड गर्ल और हेड बॉय को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर वर्षा तिवारी (कक्षा 12 विज्ञान) को स्कूल कैप्टन, ध्रुव (कक्षा 12 विज्ञान) को स्कूल हेड बॉय तथा ईशा (कक्षा 12 कला) को स्कूल हेड गर्ल चुना गया। सभी नवनियुक्त छात्र प्रतिनिधियों ने निष्पक्षता, अनुशासन, समय की महत्ता और विद्यालय के नियमों का पालन करते हुए विद्यार्थियों का नेतृत्व करने तथा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम और विद्यालय के सर्वांगीण विकास में योगदान देने का संकल्प लिया।

### घसौली क्रिकेट ग्राउंड में तीसरे कॉरपोरेट समर कप क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**गन्नौर।** गांव घसौली स्थित लक्ष्य इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड में आशीष त्यागी के तत्वावधान में तीसरे कॉरपोरेट समर कप क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि विकास त्यागी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं मैच का शुभारंभ कर किया। मुख्य अतिथि विकास त्यागी ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने और बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया। आयोजक आशीष त्यागी ने बताया कि टूर्नामेंट में विभिन्न टीमों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना है। इस अवसर पर दीपक रापड़िया, रोहित त्यागी, श्रीओम त्यागी, अमित त्यागी, शिवम त्यागी, सचिन त्यागी, प्रदीप त्यागी, बिल्लू त्यागी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

### विभिन्न समस्याओं को लेकर समाजसेवियों व व्यापारी प्रतिनिधियों ने मेयर राजीव जैन व निगम आयुक्त से की मुलाकात

# शहर में सफाई व्यवस्था, जलभराव, सीवरेज संबंधी समस्याएं और बढ़ते अतिक्रमण के समाधान की मांग

नगर सुधार मंच के चेयरमैन के नेतृत्व में उठाई शहर की मूलभूत सुविधाएं

### नया टेंडर पूरा, आज से व्यापक स्तर पर शुरू होगा सफाई अभियान : मेयर जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित शहर के निर्माण के उद्देश्य से सोमवार को समाजसेवियों व व्यापारी प्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम मेयर राजीव जैन व निगम आयुक्त हर्षित कुमार से मुलाकात कर प्रमुख समस्याओं को उठाया। प्रतिनिधिमंडल ने शहर में सफाई व्यवस्था, जलभराव, सीवरेज संबंधी समस्याओं, बढ़ते अतिक्रमण जैसे जनहित के मुद्दों पर चर्चा करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। इसके अलावा बैठक में शहर की स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं सार्वजनिक संपत्तियों के संरक्षण को लेकर भी चर्चा की गई।



**सोनीपत।** नगर निगम कार्यालय में मेयर राजीव जैन को समस्याओं से अवगत कराते समाजसेवियों व व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि स्वच्छ, सुंदर व व्यवस्थित शहर केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का भी नैतिक दायित्व है। यदि प्रशासन व समाज मिलकर कार्य करें, तो सोनीपत को प्रदेश के सबसे स्वच्छ और अनुशासित शहरों में शामिल किया जा सकता है। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम प्रशासन की ओर से जनसमस्याओं के समाधान के प्रति दिखाई गई सकारात्मक सोच का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि अगर घोषित विकास कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं, तो शहरवासियों को शीघ्र राहत मिलेगी। मेयर राजीव जैन ने आश्वासन दिया कि शहर की सफाई व्यवस्था के लिए नया टेंडर पूरा हो चुका है। मंगलवार से व्यापक स्तर पर सफाई अभियान शुरू किया जाएगा। बारिश के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। सीवरेज संबंधी समस्याओं का भी शीघ्र समाधान किया जाएगा।

#### सार्वजनिक स्थलों पर अवैध पोस्टर बैनर लगाने वालों पर होगी एफआईआर

नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से पोस्टर, बैनर एवं अन्य प्रचार सामग्री चस्पा करने वालों के विरुद्ध नगर निगम सख्त कार्रवाई करेगा। बिना अनुमति के किसी भी सार्वजनिक स्थल, मुख्य चौक, महापुरुषों की प्रतिमाओं, स्मारकों, अन्य प्रमुख स्थानों पर पोस्टर एवं बैनर लगाने की अनुमति नहीं है। निगमायुक्त ने कहा कि विभिन्न संस्थाओं, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, स्थानीय प्रिंटिंग प्रेस संचालकों, अन्य कुछ लोग मुख्य चौराहों, सार्वजनिक स्थलों, महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं स्मारकों के आसपास बिना अनुमति पोस्टर एवं बैनर लगाए जा रहे हैं। इस प्रकार की गतिविधियां न केवल शहर की सुंदरता एवं स्वच्छता को प्रभावित करती हैं, बल्कि सार्वजनिक स्थलों और महापुरुषों की प्रतिमाओं की गरिमा को भी ठेस पहुंचाती हैं। ऐसे लोगों पर नगर निगम अधिनियम एवं अन्य लागू कानूनों के तहत एफआईआर दर्ज कर नियमानुसार जुर्माना एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में नगर सुधार मंच के चेयरमैन संजय सिंगला, संजय वर्मा, अशोक खत्री, राजपाल गुलिया, संजय मोहन, जयवीर गहलावत, बिजेंद्र सिंह, ओंकार सिंह, रविंद्र सरोहा, यशपाल अरोड़ा, प्रेम गौतम, नरेंद्र धवन, डॉ. पूर्णमल गौड़, बलबीर खत्री, कैप्टन संजय मोहन, महावीर, डॉ. धर्मवीर मलिक सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।